वर्ष- 3 , अंक- 118
छपरा
28 मार्च शनिवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



# रामलला का सूर्य तिलक, 9 मिनट ललाट पर पड़ीं किरणें

● पंचामृत से अभिषेक, स्वर्ण जड़ित पीतांबर पहनाया; अयोध्या में 10 लाख श्रद्धालु पहुंचे ● पीएम मोदी ने टीवी पर रामलला का सूर्य तिलक देखा

**अयोध्या,एजेंसी।** अयोध्या में रामनवमी पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य तिलक हुआ। 9 मिनट तक भगवान के ललाट पर नीली किरणें पड़ीं। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह दूसरा सूर्य तिलक है। पीएम मोदी ने टीवी पर इसे लाइव देखा।

सूर्य तिलक के साथ ही रामलला का जन्म हो गया। इस दौरान 14 पुजारी गर्भगृह में मौजूद रहे। उन्होंने विशेष पूजा और आरती की। सूर्य तिलक के बाद कुछ देर के लिए मंदिर के पट बंद कर दिए गए। रामलला को 56 तरह के व्यंजन का भोग लगाया गया।

सूर्य तिलक के लिए अष्टधातु के



20 पाइप से 65 फीट लंबा सिस्टम (स्ट्रक्चर) बनाया गया है। 4 लेंस और 4 मिरर के जरिए गर्भगृह तक रामलला के मस्तक पर किरणें पहुंचाई गईं।

गर्भगृह को फूलों से सजाया गया है। सुबह 5.30 बजे रामलला को पीतांबर पहनाया गया। फिर आरती की गई। आज आम दिनों के मुकाबले भक्त 3 घंटे ज्यादा रामलला के दर्शन कर पाएंगे। सुबह 5 बजे से रात 11 बजे तक यानी 18 घंटे दर्शन होंगे। पहले सुबह 6:30 से रात 9:30 तक दर्शन होते थे।

## योगी ने रामनवमी पर कन्याओं के पांव पखारे:बच्ची ने बुलडोजर गिफ्ट किया

### काशी में मुस्लिम महिलाओं ने श्रीराम की आरती उतारी





**गोरखपुर,एजेंसी।** यूपी में रामनवमी श्रद्धापूर्वक मनाई जा रही है। रामनवमी पर सीएम योगी ने शुक्रवार सुबह 11 बजे गोरखपुर में कन्या पूजन किया। गोरखनाथ मंदिर में उन्होंने कन्याओं के पांव पखारे और विधि-विधान से पूजन किया। बच्चियों को चुनरी ओढ़ाई, आरती उतारी और दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। फिर खुद ही सभी को भोजन परोसा। काशी में मुस्लिम महिलाओं ने श्रीराम की महाआरती की। मुस्लिम महिला फाउंडेशन की सदर नाजनीन अंसारी ने कहा- पिछले 21 साल राम आरती की जा रही है। वहीं गोरखपुर में सीएम को 5 साल की बच्ची ने बुलडोजर टॉय गिफ्ट किया। योगी ने बच्ची के साथ बुलडोजर पकड़कर फोटो खिंचवाई। फिर बच्ची को वापस लौटाते हुए कहा कि अब इसे ले जाओ। मन लगाकर पढ़ाई करना। बच्ची का नाम यशस्विनी है। वह परिवार के साथ कानपुर से गोरखनाथ मंदिर आई थी। सीएम ने इसके भी पांव पखारे। सुबह करीब 9 बजे योगी ने जनता दर्शन में करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। परिजनों के साथ आए बच्चों को प्यार-दुलार किया। चॉकलेट दिए।

## नेपाल में बालेन शाह सबसे युवा प्रधानमंत्री बने

### रैप गाकर दिया पहला मैसेज; मधेश क्षेत्र से आने वाले पहले पीएम



**काठमांडू,एजेंसी।** नेपाल में शुक्रवार को बालेन्द्र (बालेन) शाह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। 35 साल के बालेन देश के सबसे कम उम्र के पीएम बने। उन्होंने सांसद पद की शपथ लेने के बाद अपना पहला संदेश रैप गाने के जरिए जारी किया, जिसमें उन्होंने भ्रष्टाचार, सिस्टम में बदलाव और युवाओं का जिक्र किया।

बालेन की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (RSP) ने 5 मार्च के चुनाव में जीत दर्ज की थी। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने कहा कि देश का भविष्य अब युवाओं के हाथ में है और नई सरकार से भ्रष्टाचार खत्म करने की उम्मीद है। नई सरकार में मंत्रिमंडल का भी गठन शुरू हो गया है। सुधन गुरुंग को गृह मंत्री बनाया गया है, जिन पर देश की आंतरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी होगी। वहीं शिशिर खनाल को विदेश मंत्री का पद दिया गया है, जो नेपाल की कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को संभालेंगे।

## सेना 800किमी. रेंज वाली ब्रह्मोस क्रूज-मिसाइल खरीदेगी

### अभी 450किमी. तक निशाना साधने वाली मिसाइल मौजूद, ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल हुआ था

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय सेना 800 किमी से ज्यादा रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने की तैयारी में है। फिलहाल सेना के पास 450 किमी तक मारक क्षमता वाली ब्रह्मोस मिसाइल मौजूद है। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, रक्षा अधिकारियों ने बताया कि सेना इस नए वर्जन का बड़ा ऑर्डर देने की योजना बना रही है। रक्षा मंत्रालय की उच्चस्तरीय बैठक में इस प्रस्ताव को जल्द मंजूरी मिल सकती है। मई 2025 में भारत-पाकिस्तान जंग के दौरान ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल का इस्तेमाल किया गया था। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान एयरफोर्स के कई ठिकानों को निशाना बनाया था।

अब 800 किमी की रेंज वाले नई मिसाइलों के आने के बाद दिल्ली से ही पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद को निशाना बनाया जा सकेगा। दिल्ली और इस्लामाबाद की हवाई दूरी 700 किमी है।

**मिसाइल फोर्स और ड्रोन पर बढ़ रहा फोकस :** भारतीय सेना एक समर्पित मिसाइल फोर्स बनाने और मिसाइलों की संख्या बढ़ाने पर



काम कर रही है। सेना अपने वर्कशॉप में ड्रोन का बड़े पैमाने पर निर्माण भी कर रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग ने लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों की अहमियत को और बढ़ा दिया है।

नई पीढ़ी के युद्ध को देखते हुए सेना बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल शामिल कर रही है। इसके तहत आर्टिलरी और इन्फैंट्री यूनिट्स में स्पेशल ड्रोन रेजिमेंट और प्लाटून बनाए जा रहे हैं।

**भारत-रूस का संयुक्त प्रोजेक्ट है ब्रह्मोस :**ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल भारत और रूस का संयुक्त प्रोजेक्ट है, जिसका अधिकांश हिस्सा अब स्वदेशी हो चुका है।

### पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10-10 रुपए घटी

## कच्चा तेल महंगा होने से कंपनियां दाम बढ़ा सकती थीं, 30 प्रति लीटर तक घाटा हो रहा था



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपए की कटौती कर दी है। पेट्रोल पर ड्यूटी 13 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपए, जबकि डीजल पर 10 से शून्य कर दी गई है। एक्साइज ड्यूटी घटाकर पेट्रोल-डीजल के दामों को स्थिर रखा गया है।यूएस-इजराइल के साथ ईरान की जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर से बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। इससे तेल कंपनियों को 30 रुपए प्रति लीटर तक घाटा हो रहा था। घाटा कवर करने के लिए तेल कंपनियां दाम बढ़ा सकती थीं।

## रिजिजू बोले- देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा

### हालात काबू में; पीएम मोदी ने लोकसभा में कहा था- जैसे कोरोना में निपटे, वैसे ही अब करेंगे



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा। उन्होंने संसद के बाहर कहा- हालात काबू में हैं। पीएम मोदी खुद स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। दरअसल पीएम ने लोकसभा में चार दिन पहले कहा था- आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। पीएम ने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं।

## राजस्थान में बम ब्लास्ट की साजिश, रेकी करने वाला पकड़ा

### पाकिस्तानी डॉन दे रहा था ऑर्डर, दूसरे राज्यों में भी धमाकों के लिए बनाए वीडियो

**श्रीगंगानगर,एजेंसी।** राजस्थान में बम ब्लास्ट की साजिश कर रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी के ऑर्डर पर दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में भी रेकी कर वीडियो बनाए थे।



ये जानकारी उसने भट्?टी के साथ सोशल मीडिया के जरिए शेयर भी की थी। आरोपी आकाशदीप श्रीगंगानगर के चक केरा गांव का रहने वाला है। उसे 26 मार्च की शाम को गांव से ही पकड़ा गया है।

आशंका है कि आरोपी का संबंध 13 मार्च 2026 को अंबाला (हरियाणा) में मिले आरडीएक्स के मामले से हो सकता है।

**सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में था :** लालगढ़ जाटान थाना पुलिस ने आकाशदीप को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी भट्टी के साथ इंस्टाग्राम और वॉट्सएप के जरिए लंबे समय से संपर्क में था। थाना प्रभारी गुरमेल सिंह बराड़ ने बताया- आकाशदीप बदमाश प्रवृत्ति का है। वो ग्रामीणों को पाकिस्तानी आतंकवादियों से संपर्क होने की धमकी देता था। ग्रामीणों ने इसको लेकर पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसके डॉन से कनेक्शन की जानकारी सामने आई।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भाजपा

## कांग्रेस विधायकों में हाथापाई, राहुल को पप्पू कहा; खामेनेई की तस्वीर लहराई

### सीएम अब्दुल्ला बोले- ईरान पर अवैध युद्ध थोपा गया

**श्रीनगर,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में शुक्रवार को ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत को लेकर प्रदर्शन हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता खामेनेई की तस्वीर लेकर सदन के अंदर पहुंचे और समर्थन में नारेबाजी की। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेताओ ने खामेनेई के पोस्टर भी लहराए।

इस बीच, सदन में कांग्रेस और बीजेपी नेताओं के बीच धक्का-मुक्की का भी वीडियो सामने आया। हालांकि, ये विवाद भाजपा नेताओं के राहुल पर कमेंट को लेकर था। कांग्रेस विधायक इरफान हाफिज पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगा रहे थे।



जवाब में भाजपा विधायक युद्धवीर सेठी ने कहा, 'राहुल गांधी पप्पू हैं।' इसके बाद दोनों नेताओं में हाथापाई होने लगी।

वहीं, ईरान युद्द पर सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा- जिस तरह ईरान पर यह युद्ध थोपा गया, उसके समर्थन में कोई खड़ा नहीं होगा। जिस तरह मानवता की हत्या हुई और ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई साहब, उनके कई साथी और करीबी रिश्तेदार मारे गए, उसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है।

### नेशनल कॉन्फ्रेंस विधायक बोले- हम ईरान के साथ खड़े हैं

नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक तनवीर सादिक ने कहा, हम ईरान के साथ खड़े हैं। हमारी पार्टी और जम्मू-कश्मीर की सरकार उनके साथ खड़ी है। जैसे छ्रूउमर अब्दुल्ला ने पिछली बार सिविल सोसाइटी में अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की निंदा की थी। वैसे ही, आज हम सब यहां खड़े हैं। हम समझते हैं कि जिस तरह से खामेनेई को मारा गया, किसी भी देश को दूसरे देश पर हमला करने का कोई हक नहीं है। मुझे लगता है कि देश की टॉप लीडरशिप को इसकी निंदा करनी चाहिए। हम ईरान के लोगों का सपोर्ट कर रहे हैं।

## औरंगाबाद- चाचा ने 3 भतीजे-भतीजी का गला काटकर मार डाला

● मोबाइल दिखाने लाया, रूम लॉक किया; फुल साउंड में गाना बजाकर हत्याएं कीं

**औरंगाबाद,एजेंसी।** औरंगाबाद में ट्रिपल मर्डर का मामला सामने आया है। यहां शुक्रवार को एक चाचा ने तीन भतीजे-भतीजी की गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद भी गला काटकर सुसाइड करने की कोशिश की। उसकी हालत भी गंभीर बनी है। उसे पटना रेफर किया गया है।

मृतकों की पहचान अनीश कुमार (10), आयुष कुमार (7) और अनुष्का कुमारी ( 5) के रूप में हुई है। घटना हसपुरा थाना क्षेत्र के खुटहन गांव की है।

**गेट खोलने में देरी हुई तो बच्चों का काटा गला :**घटना सुबह 10 बजे की है। बच्चों के पिता गुड्डू ट्रेन में पैंट्री कार में खाना बनाने का काम करते हैं। वो वारदात के वक्त ड्यूटी पर थे। घर



में मां और 3 बच्चे ही थे।

बताया जा रहा है कि बच्चों का चाचा शुक्रवार की सुबह घर से बाइक पर सवार होकर कहीं निकला था। जब घर पहुंचा तो दरवाजा खटखटाया। उसकी भाभी अनीता देवी नहा रही थी। जिसके कारण दरवाजा खोलने में देरी हुई।

दरवाजा खोलने के बाद वह घर में घुसा और फुल साउंड में स्पीकर बजाकर बड़े चाकू से तीनों बच्चों का बारी-बारी से गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद का भी गला काट लिया।

## ग्वालियर में सड़क हादसा, पांच लोगों की मौत, चार घायल

**ग्वालियर,एजेंसी।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आज तड़के थाटीपुर क्षेत्र स्थित परशुराम चौराहे पर जैन मंदिर के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की ऑटो रिक्शा से टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में जान गंवाने वालों में एक ही परिवार के कई सदस्य शामिल हैं। घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं, जिनका ग्वालियर के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

यह हादसा तड़के करीब तीन बजे हुआ। ऑटो सवार लोग शीतला माता मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। ऑटो में कुल नौ लोग सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नीम के पेड़ से जा टकराया और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। यात्रियों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया गया।



## रिपोर्ट: ईरान में जंग के लिए 10 लाख सैनिक तैयार

### अमेरिका से जमीनी लड़ाई की तैयारी, सेना में युवाओं की भर्ती तेज हुई

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने 10 लाख से ज्यादा ग्राउंड सैनिक जुटाने का दावा किया है। ईरानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका जमीनी हमला कर सकता है।

इसके चलते युवाओं में सेना में भर्ती की होड़ बढ़ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के दिनों में बड़ी संख्या में युवा बसीज, रिवोल्यूशनरी गार्ड और सेना में शामिल होने के लिए आवेदन कर रहे हैं।

वहीं, अमेरिका मिडिल ईस्ट में करीब 10,000 एक्स्ट्रा सैनिक भेजने पर विचार कर रहा है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस फोर्स में पैदल सेना और बख्तरबंद गाड़ियां शामिल हो सकती हैं।

यह एक्स्ट्रा सैनिक मिडिल ईस्ट में पहले से मौजूद 5,000 मरीन और 2,000 पैराट्रूपर्स के साथ जोड़े जाएंगे। ये पैराट्रूपर्स 82वीं एयरबोर्न डिवीजन से हैं।

**इस्फहान में 15 लोग गिरफ्तार, संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप :**ईरान के इस्फहान प्रांत में अधिकारियों ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर आरोप है कि उन्होंने संवेदनशील जानकारी ऐसे मीडिया नेटवर्क्स को भेजी, जिन्हें तेहरान दुश्मन मानता है।

ईरान के सरकारी प्रसारक IRIB के अनुसार, गिरफ्तार लोगों पर सैन्य ठिकानों की लोकेशन, हमलों से हुए नुकसान की तस्वीरें और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने का आरोप है।

**फिनलैंड बोला- ईरान जंग के कारण कोरोना से बुरे हालात हो सकते हैं :**फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने चेतावनी दी है कि इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा युद्ध वैश्विक मंदी ला सकता है, जिसके असर कोरोना महामारी से भी ज्यादा गंभीर हो सकते हैं।

पॉलिटिको से बातचीत में स्टब ने ट्रम्प की अमेरिका फर्स्ट नीति की आलोचना करते हुए कहा कि इससे कूटनीति को सिर्फ छोटे समय के सौदों तक सीमित कर दिया जाता है।

स्टब ने यह भी संकेत दिया कि यूरोप इस संघर्ष में अमेरिका के साथ पूरी तरह खड़ा होने को लेकर हिचकिचा रहा है।

**इजराइल का लेबनान में अभियान तेज, लाखों लोग विस्थापित :**लेबनान में इजराइल की सैन्य कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है, जिससे बड़े पैमाने पर लोगों का पलायन हो रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इज़राइली सेना ने हाल ही में एक और निकासी आदेश जारी किया है, जिसमें लोगों से जहरानी नदी के उत्तर की ओर जाने को कहा गया है। इससे पहले युद्ध की शुरुआत से ही लोगों को लितानी नदी के उत्तर में जाने के निर्देश दिए जा रहे थे। हाल के दिनों में इजराइली सेना और आगे बढ़ी है और दक्षिणी लेबनान के बड़े हिस्से पर नियंत्रण बनाने की कोशिश कर रही है।

## हवन व कन्या पूजन के साथ संपन्न हुआ चैत नवरात्र

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** चैत नवरात्र के नौ दिवसीय पावन पर्व का समापन क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ हवन एवं कन्या पूजन के आयोजन के साथ शुक्रवार को संपन्न हो गया। नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना करने के बाद अंतिम दिन भक्तों ने पंडितो के द्वारा विधि-विधान से हवन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। नवरात्र के अंतिम दिन सुबह से ही मंदिरों एवं घरों में विशेष तैयारियां की गईं। श्रद्धालुओं ने स्नान-ध्यान कर मां दुर्गा की पूजा की और इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन किया गया। हवन कुंड में आहुति डालते हुए भक्तों ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और शांति की कामना की। हवन के दौरान पूरा वातावरण मंत्रों और भक्ति से गूंज उठा, जिससे माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। हवन के उपरांत कन्या पूजन का आयोजन किया गया, जो नवरात्र का विशेष और महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। इस दौरान 9 छोटी-छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनका विधिवत पूजन किया गया। उनके पैर धोए गए, माथे पर तिलक व श्रृंगार कर चुनरी ओढ़ाकर उन्हें भोजन ग्रहण कराने के पश्चात पैसा, केला, फल अन्य समाग्री देकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।पूरे नवरात्र के दौरान क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहा। बाबा हरिहरनाथ मंदिर, दक्षिनेर्श्वरी काली मंदिर सोनपुर, माँ कालरात्रि, गौड़ी शंकर मंदिर भरपुरा सहित विभिन्न मंदिरों घरो में भजन-कीर्तन, जागरण और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुबह-शाम आरती और माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। नवरात्र के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सुख, शांति, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। लोगों ने यह भी संकल्प लिया कि वे अगले वर्ष भी इसी श्रद्धा और उत्साह के साथ मां की आराधना करेंगे। इस प्रकार हवन और कन्या पूजन के साथ चैत नवरात्र का पावन पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हो गया।

## बिहार दिवस पर उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. शिल्पा यादव सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार÷ थीम के तहत आयोजित बिहार दिवस-2026 समारोह में शिक्षा विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए सारण जिले की शिक्षिका डॉ. शिल्पा यादव को सम्मानित किया गया। पटना के गांधी मैदान में बिहार शिक्षा परियोजना, पटना के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग के पवेलियन में उनके सराहनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव बी. राजेंद्र द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र एवं मेमोरेंडम देकर सम्मानित किया गया।डॉ. शिल्पा यादव, जो उच्च माध्यमिक विद्यालय दिलिया रहीमपुर, रिवीलगंज (सारण) में संस्कृत शिक्षिका हैं, ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ शिक्षण कार्य में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें पूर्व में भी कई बार सम्मानित किया जा चुका है। इस वर्ष बिहार दिवस के अवसर पर बिहार शिक्षा परियोजना के निदेशक नवीन कुमार (आईएएस) द्वारा प्रदेश भर से लगभग 200 शिक्षकों/शिक्षिकाओं का चयन किया गया था, जिनमें डॉ. शिल्पा यादव भी शामिल रहीं। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत उपलब्धि का प्रतीक है, बल्कि सारण जिले के लिए भी गौरव की बात है।

## भगवान श्रीराम का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए आदर्श- जितेन्द्र कुमार राय

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण )।** रामनवमी पर मढ़ौरा पहुंचे स्थानीय विधायक ने शोभा यात्रा में शामिल होकर लोगों को रामनवमी की अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान शिल्हौड़ी के प्रसिद्ध शिव मंदिर से निकली शोभा यात्रा में शामिल हुए और भगवान श्रीराम के प्रति अपने भाव को प्रकट किया। विधायक ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए आदर्श और प्रेरणा का स्त्रोत है। मर्यादा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की सीख हमें श्रीराम के जीवन से मिलती है। इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्र के लोगों से आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग शामिल थे। पूरे क्षेत्र में रामनवमी को लेकर भक्ति एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला। जितेंद्र कुमार राय ने शोभायात्रा में शामिल होकर लोगों का उत्साहवर्धक किया और उनके सुख-समृद्धि की कामना की।

## आपरेशन सतर्क के तहत मशरक जंक्शन से यात्री से शराब बरामद

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** आपरेशन सतर्क के तहत मशरक जंक्शन रेल पुलिस ने ताप्ती गंगा एक्सप्रेस से उतर जा रहें यात्री शराब तस्कर संजय कुमार यादव को 63 पीस अंग्रेजी शराब के साथ जंक्शन परिसर से गिरफ्तार किया। जप्त शराब की कीमत 13500 रूपए बताई गई।

## स्कूटी सवार छात्रा के ऊपर गाय कूदी, छात्रा गंभीर रूप से घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक छपरा एस एच 90 पर मशरक के गोपालवाड़ी गांव में स्कूटी से बाजार आ रहीं छात्रा के उपर गाय कूद पड़ी जिसमें छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के मुन्नी मोड़ निवासी सोनी कुमारी बताई गई। घायल छात्रा को आर्मी जवान संजय सिंह ने स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने प्राथमिक उपचार किया। छात्रा ने बताया कि वह बाजार आ रही थी कि अचानक सड़क किनारे से गाय स्कूटी पर पर कूद पड़ी।

## अगलगी में दस झोपड़ीनूमा घर जले, नगदी समेत लाखों की खाक

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।**अमनौर प्रखण्ड के कोरेया पंचायत के वार्ड नंबर एक यादव बस्ती में शुक्रवार की दोपहर आग लगन से दस झोपड़ी व करकटनूमा घर जलकर खाक हो गए।इस घटना में नगदी रूपए दो मवेशी समेत लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अमनौर प्रखण्ड के कोरेया पंचायत के वार्ड नंबर एक मे गौतम राय के घर में अचानक आग लगने से 5 हजार रुपए नगद, कपड़ा, खाद्यान सामग्री समेत मवेशी जलकर खाक हो गए।देखते ही देखते आग बलिराम राय व शत्रुघ्न राय के घर में लग गई जिसमें बलिराम राय के 25 सौ रूपये शत्रुघ्न राय के 7 हजार रुपए समेत अन्य सामान खाक हो गए।अग्निशमन दस्ता व ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते इसके पूर्व गीता कुंवर, समोहन राय, रंजय राय, बीरबल राय, विशुनदेव राय, बीरेन्द्र राय, अजय राय, अशोक राय, अम्बिका राय के भी खाद्यान सामग्री व अन्य सामान आग की भेंट चढ़ गए।अग्निशमन दस्ता की तीन गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।अगलगी की सूचना मिलते ही कोरेया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नागेश्वर चौहान ने पीड़ित परिजनो से मुलाकात कर प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।अगलगी में सब कुछ जलकर खाक होने के बाद अग्निपीड़ितो का रो-रोकर बुरा हाल है।

## स्केटिंग कर अजमेर शरीफ जा रहे युवकों ने रसूलपुर पहुंच मस्जिद में की जुम्मे की नमाज अदा

### छपरा के कटसा से शुरू हुई स्केटिंग यात्रा में दरभंगा, बेगुसराय, मोतिहारी व छपरा के मुस्लिम युवक हैं शामिल

**देवेन्द्र कुमार सिंह** दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)- सारण जिले के कटसा से स्केटिंग कर अजमेर शरीफ जा रहे पांच मुस्लिम युवकों की टीम शुक्रवार की दोपहर रसूलपुर चट्टी पर पहुंची. स्थानीय लोगों से जानकारी लेकर पास हीं के एक मस्जिद में जुम्मे की नमाज पढ़ी और आगे बढ़े. पीठ पर बैग और तिरंगा लिए स्केटिंग कर जा रहे युवक को देख लोगों को लगा कि ये शायद सोशल मीडिया के लिए रील बना रहे हों पर दोपहर के नमाज के लिए रसूलपुर में किसी मस्जिद का पता पूछने पर लोगों को उपरोक्त जानकारी हुई. सारण जिले के कटसा के सुहैल अख्तर के यहां से इन युवकों की यात्रा शुक्रवार को सुबह में शुरु हुई जिसमें छपरा परसा के ही नौशाद अली के अलावे दरभंगा के मो0 राजा, बेगुसराय के मो0 इमरान, मोतिहारी के जूनैद शामिल हैं. युवकों ने बताया कि उन सब की मित्रता सोशल मीडिया के जरिये हुई और वे सभी स्केटिंग करने का प्रशिक्षण पिछले तीन सालों से ले रहे हैं. इस तरह उन सबों में यह भावना जगी कि स्केटिंग करते हीं राजस्थान के अजमेर शरीफ और महाराष्ट्र के हाजी अली की करीब 2700 किमी की धार्मिक यात्रा करेंगे. तिरंगा झंडा लहराते और स्केटिंग यात्रा कर जाते युवक लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं.

# श्रीराम जन्मोत्सव एवं अखंड अष्ट्याम महायज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश शोभायात्रा



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहर क्षेत्र के पवित्र भूमि सबलपुर मध्यवर्ती पंचायत के चाई टोला बिंद टोली वार्ड नंबर 1 महारानी स्थान के प्रांगण में श्री राम जन्मोत्सव एवं अखंड अष्ट्याम महायज्ञ को लेकर कलश शोभायात्रा शुक्रवार को निकाली गई इस कलश यात्रा में सैकड़ो महिला, पुरुष , बच्चे शामिल हुए इस दौरान जय श्री राम, जय बाबा हरिहरनाथ, हर हर महादेव की जय जयकार से सबलपुर चारों पंचायत गुंजायमान हो उठा। समाजसेवी लालबाबू पटेल ने बताया कि कलश यात्रा यग स्थल से मां भगवती को नमन करते हुए मध्यवर्ती पंचायत के दलित बस्ती से होते हुए कुमार घाट पहुंचा,जहां विद्वान ब्राह्मण के द्वारा मंत्रोच्चारणों से जल मातृका, पूजन कर जलभरी कलश लेकर पुनः यज्ञ स्थल महारानी स्थान प्रांगण पहुंची।जहाँ श्रद्धालु भक्त कलश लेकर पवित्र यज्ञ स्थल कि परिक्रमा कर वैदिक मन्त्रोंच्चार के साथ कलश को यज्ञ स्थल पर स्थापित किया। उसके बाद अखंड अष्ट्याम यज्ञ 24 घंटा के लिए शुरू हुआ जो पूर्ण होने के बाद शनिवार को पूर्णाहुति एवं भंडारा किया जाएगा।इस अवसर पर यज्ञ के मुख्य यजमान सहित सैकड़ों भक्तगण सम्मिलित हुए।

## शिलानाथ मंदिर में हवन-पूजन के साथ नवरात्रि का हुआ समापन



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं प्राचीन शिलौहरी स्थित बाबा शिलानाथ मंदिर परिसर में महानवरात्र के पावन अवसर पर हवन पूजा समापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। शक्ति उपासना संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं ने भाग लेकर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

हवन और मंत्रोच्चार से गुंजायमान हुआ नवरात्रि के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान के साथ मंदिर परिसर में हवन-पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार और आहुतियों के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्तों ने कतारबद्ध होकर बाबा शिलानाथ मंदिर में हवन कुंड में अपनी श्रद्धा अर्पित की। इस पूरे आयोजन का संचालन एवं संयोजन शक्ति उपासना संस्थान के संस्थापक सद्गुरु पंडित फेकू प्रसाद यादव द्वारा किया गया। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष इस तरह के सामूहिक पूजन का आयोजन किया जाता है ताकि समाज में धार्मिक चेतना और एकता बनी रहे।

**महिलाओं की रही विशेष भागीदारी**

समापन समारोह में स्थानीय महिलाओं की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। सुबह से ही महिलाओं ने उपवास रखकर मंदिर में पूजा-अर्चना की और सामूहिक हवन में हिस्सा लिया।

## धानाडीह गांव में राम दरबार झांकी आकर्षण का केंद्र

**दैनिक खोज खबर/** रसूलपुर(एकमा)- स्थानीय थाना क्षेत्र व पंचायत के गांव धानाडीह गांव में रामनवमी पर निकलीं राम दरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा. गांव में ब्रह्म स्थान से लेकर जरती माई स्थान तक गांव के निकित, जय, रागनी, रितका,सिद्धांत आदि कलाकारों ने विभिन्न वेष भूषा में सजधज कर राम लक्ष्मण,सीता, हनुमान आदि पात्र बने. झांकी का नेतृत्व कर रहे ग्रामीण व शिक्षक सुनील राम,अमृत,आमन गोलु और विकेश सिंह ने बताया कि झांकी देख श्रद्धालु नतमस्तक हुए और ह्दय में विराजमान श्रीराम सीता के प्रति आस्था जताई.

## रसूलपुर के धानाडीह गांव में आकर्षक राम दरबार की झांकी प्रस्तुत करते ग्रामीण कलाकार

### धानाडीह गांव में राम दरबार झांकी आकर्षण का केंद्र

**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)-** स्थानीय थाना क्षेत्र व पंचायत के गांव धानाडीह गांव में रामनवमी पर निकलीं राम दरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा. गांव में ब्रह्म स्थान से लेकर जरती माई स्थान तक गांव के निकित, जय, रागनी, रितका,सिद्धांत आदि कलाकारों ने विभिन्न वेष भूषा में सजधज कर राम लक्ष्मण,सीता, हनुमान आदि पात्र बने. झांकी का नेतृत्व कर रहे ग्रामीण व शिक्षक सुनील राम,अमृत,आमन गोलु और विकेश सिंह ने बताया कि झांकी देख श्रद्धालु नतमस्तक हुए और ह्दय में विराजमान श्रीराम सीता के प्रति आस्था जताई.

## गूंजे पारंपरिक चैता के सुर, रामभक्ति में सराबोर हुए श्रद्धालु

### 93 वर्षों से चल रहा दुगोला चैता गायन की परंपरा

### विधायक धूमल समेत कई पदाधिकारी पहुंचे

**देवेन्द्र कुमार सिंह दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर (एकमा)-** चैत्र नवरात्रि की समाप्ति और राम नवमी के पावन अवसर पर रसूलपुर थाना क्षेत्र के लाकठ छपरा स्थित जरती माई मंदिर परिसर में 93 वर्षों से आयोजित पारंपरिक चैता गायन कार्यक्रम ने माहौल को पूरी तरह से राममय बना दिया. शुक्रवार को पुरे दिन तक चले इस सांस्कृतिक आयोजन में स्थानीय कलाकारों ने भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर भावपूर्ण चैता गीत प्रस्तुत किएकार्यक्रम का शुभारंभ रिटायर्ड शिक्षक राजनाथ सिंह ने कलाकारों को माला पहनाकर शुरू कराया. छपरा के अजीत हलचल व गोपालगंज के अभिषेक तिवारी कलाकारों के बीच दुगोला पारंपरिक चैती शैली में हो रामाके भजनों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध होकर झूमते रहे.आयोजक समिति ने इस दौरान पारंपरिक चैता गायन को बढ़ावा देने वाले कलाकारों को सम्मानित किया. आयोजन समिति के सदस्य धबाकी बाबा, पुन्नु सिंह, बिपीन सिंह, भीम सिंह, सुबोध सिंह, भोला सिंह, विजय सिंह आदि ने बताया कि चइता हमारी लोक संस्कृति का अहम हिस्सा है, जिसे जीवित रखने के लिए परंपरागत 93 वर्षों से रामनवमी पर यह आयोजन हर साल किया जाता है.कार्यक्रम में आसपास के दर्जनों गांवों से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे. पूरा माहौल ÷जय श्री राम÷ के नारों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन से गुंजायमान रहा. अंत में प्रसाद वितरण और भंडारे के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ.

## इसुआपुर बाजार में निकली भव्य शोभायात्रा, विधायक समेत कई गणमान्य हुए शामिल



**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** रामनवमी के मौके पर इसुआपुर बाजार में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में तरैया के विधायक सह बिहार विधानसभा के याचिका समिति के सभापति जनक सिंह, जिला पार्षद छविनाथ सिंह, पूर्व जिला पार्षद चंदेश्वर राय, भाजपा नेता धीरज सिंह, उप प्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा, मुखिया प्रतिनिधि अजमल रहमानी, शारदानंद सोनी, रामचंद्र प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद, अमरनाथ प्रसाद, राजेश सिंह कुशवाहा, दिलीप चौरसिया, महादेव साह, विशेश्वर चौरसिया, उपेंद्र भगत, बीडीसी मुकेश चौरसिया समेत सैकड़ों जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। श्रद्धालु जय श्रीराम, जय बजरंगबली, हर हर महादेव के गगन भेदी नारे लगा रहे थे। वहीं प्रखंड के डोईला, उसरी खुर्द, नवादा, चांदपुरा, सिउरी समेत दर्जनों गांवों में भी श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया तथा शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर ग्रामीण एसपी सारण संजय कुमार, बीडीओ इंजीनियर सत्यम सिंह, थानाध्यक्ष कमल राम तथा अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी विधि व्यवस्था का मॉनिटरिंग कर रहे थे।

## राम नवमी पर मढ़ौरा नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय मढ़ौरा नगर एवं आसपास के गांवो से रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गई। शुक्रवार को नगर क्षेत्र असोईयां के युवा समिति, शिल्हौरी व अन्य कई क्षेत्रों से रामनवमी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमे बैंड बाजा, ढोल नगाड़े, घोड़ा वा विभिन्न झांकी के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं का जत्था शोभायात्रा में आकर्षण का केन्द्र रहा। शोभायात्रा गांवो से निकलकर शिल्हौरी मंदिर होते हुए गढ़देवी मंदिर पहुंच शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। पूरे दिन रामनवमी को लेकर धूम-धाम? रही। मालूम हो कि राम जन्मोत्सव पर आयोजित रामनवमी शोभा-यात्रा में लोग पूरे उल्लास के साथ शामिल हुए। शोभायात्रा का जगह जगह पर लोगों ने स्वागत और सेवा की। नगर के असोइयां वार्ड संख्या-3 ब्रह्म स्थान और शिल्हौड़ी शिव मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसके अतिरिक्त प्रखंड के कई गांवों से शोभायात्रा निकली गई थी।युवा विकास समिति असोइयां से निकली शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवा और स्थानीय लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा असोइयां गांव के ब्रह्म स्थान से निकलकर मढ़ौरा मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, अंबेडकर रोड होकर शहर




व नगरी शिल्हौरी शिव मंदिर पहुंची। यहां से मढ़ौरा मुख्य बाजार होकर गढ़देवी मंदिर पहुंची जहां यात्रा संपन्न हो गई। शोभायात्रा में पीले और भगवा वस्त्र में शामिल सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु, युवा के साथ आकर्षक राम-लक्ष्मण, हनुमान व अन्य की झांकी आकर्षण के केंद्र में रही। शोभायात्रा में श्रद्धालु झूमते नाचते दिखे तो जय श्री राम के जयघोष से पूरा नगर गुंजित होता रहा।शोभायात्रा में महंत अम्बुज बाबा, नपं मुख्य पार्षद रूबी सिंह, प्रमुख व्यवसाई ब्रज किशोर सिंह, संजय सिंह, महावीर सिंह, मिथलेश सिंह, अरविन्द सिंह, मून्ना सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, टिंकू सिंह, रणधीर सिंह, सुजीत कुमार, दिपक कुमार, हरेन्द्र सिंह, विक्की गुप्ता, विवेक गुप्ता, राहुल गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता, संजय सिंह, अरविंद सिंह, राहुल गुप्ता, धर्मनाथ प्रसाद, राहुल सिंह, रोहित सिंह टिंकू, रविंद्र कुमार बिहारी सहित दर्जनों युवा शामिल थे।

## ब्रह्मबाबा पर अखंड अष्टयाम के लिए निकली भव्य कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर -11 के ब्रह्मस्था?न यादो राहीमपुर पर आयोजित अखंड अष्ट्याम के लिए शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में काफी संख्या में स्त्री- पुत्र एवं श्रद्धालु शामिल हुए जो अष्टयाम स्थल से निकल कर गढ़देवी मंदिर पहुंची जहां पवित्र जलभरी सम्पन्न हुई। कलश यात्रा में स्थानीय विधायक पूर्व मंत्री जितेन्द्र कुमार राय मुख्य पार्षद रूबी सिंह भी शामिल हुए और धार्मिक परम्परा और



मान्यता के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। कलश यात्रा के साथ हाथी घोड़ा और झांकी भी शामिल थे जो लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र बने। कलश यात्रा को सम्पन्न कराने में सत्येन्द्र कुमार सिंह, वार्ड पार्षद चितरंजन कुमार सिंह,जगलाल सिंह , रमेशचन्द्र सिंह, शोभन सिंह, रमण सिंह,अनिल सिंह, लगनदेव सिंह ,दीपनारायण सिंह, मनोरंजन सिंह उर्फ मनई सिंह, चन्द्रेश्वर सिंह, बिपीन सिंह, रीतेश सिह, कशव सिंह,अरबिंद सिंह, अभिषेक सिंह, शनि सिंह, प्रिंस कुमार गुप्ता, विवेक कुमार गुप्ता सहित समस्त ग्रामिण श्रद्धालु उपस्थित थे ।

# रामनवमी पर मशरक में भक्ति और उत्साह का संगम, भव्य शोभायात्रा निकाली गई

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक में रामनवमी पर्व के अवसर पर आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल के बीच महावीर चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा की शुरुआत महावीर चौक स्थित हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना और हनुमान जी की आरती के साथ की गई। इसके बाद जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।भाजपा नेता राकेश महंत के नेतृत्व में निकली यह शोभायात्रा महावीर चौक से प्रारंभ होकर थाना परिसर स्थित राम-जानकी शिव मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम, माता जानकी और भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात शोभायात्रा स्टेशन रोड होते हुए पूरे शहर का भ्रमण करती हुई पुराने रेलवे स्टेशन परिसर पहुंची। जहां स्थित महावीर मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ शोभायात्रा का विधिवत समापन किया गया। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा फूलों की वर्षा की गई और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। कई स्थानों पर भक्ति गीतों और झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं की भी बड़ी भागीदारी रही। इस दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मढ़ौरा एसडीओ निधि राज, डीएसपी संजय कुमार सुधांशु, बीडीओ पंकज कुमार तथा थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान अपने दल-बल के साथ पूरे समय मौजूद रहकर शोभायात्रा की निगरानी करते रहे। पुलिस बल द्वारा संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरती गई, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।रामनवमी के इस आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक एकता और सौहार्द का संदेश भी दिया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ पर्व मनाया, जिससे मशरक में रामनवमी की छटा और भी खास बना।



## बनिया हसनपुर में लगने वाले घोड़ा लुटावन पुत्र पावन मेला में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के बनिया हसनपुर गांव में चैत नवमी और दसमी को लगने वाले ‰घोड़ा लुटावन पुत्र पावन मेला‰ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने घोड़ा लूटकर अपनी मन्नतें मांगी, वहीं जिनकी मन्नतें पूर्ण हुई थीं, उन्होंने मेले से मिट्टी के दो घोड़े खरीदकर अमरनाथ बाबा पर चढ़ाए। ऐसी मान्यता है कि उक्त स्थल पर अमरनाथ बाबा का मंदिर है, जहां चैत नवरात्रि की नवमी एवं दशमी की तिथि को अमरनाथ बाबा का खीर-भोजन चढ़ा कर पूजा-अर्चना की जाती है। इस दौरान श्रद्धालु अपनी मन्नतें लेकर मिट्टी लूटते हैं और घोड़े को लाल कपड़े में लपेटकर घर के किसी सुरक्षित स्थान पर रखने से उनकी मांगी गई मन्नतें पूरी होती हैं। मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु फिर से मिट्टी के दो घोड़े जोड़े लगाकर चढ़ाते हैं। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि इस बार मेले में मिट्टी के घोड़ों की खूब बिक्री हुई है। समिति ने उम्मीद जताई है कि शनिवार, यानी दशमी के दिन मेले में और अधिक भीड़ होगी। भगत मुसाफिर सहनी और व्यवसायिक मुकेश सहनी के अनुसार, दसमी को लगभग दो हजार से अधिक मिट्टी के घोड़े बिकने की संभावना है। बनिया हसनपुर गांव में यह मेला दो हिस्सों में लगता है। नवमी को गांव के उत्तरी भाग में और दसमी को दक्षिणी भाग में मेला लगता है, जहाँ भारी भीड़ उमड़ती है। वहीं इस मेले में सारण जिले के अलावे गोपालगंज, सिवान और मुजफ्फरपुर जिलों से भी श्रद्धालु आते हैं। वे यहाँ घोड़े लूटते हैं और मन्नतें पूरी होने पर जोड़ा लगाकर घोड़े चढ़ाते हैं।

## हिन्दू चेतना मंच के सौजन्य से धूमधाम से मनायी गयी रामजन्मोत्सव

**मकेर (सारण)।** शुक्रवार को हिंदू चेतना मंच के सौजन्य से मकेर प्रखंड में रामजन्मोत्सव ढोल नगाड़ों के साथ विभिन्न पंचायतों से जुलूस निकालकर मकेर बाजार में एक समारोह का आयोजन किया गया। झांकी में लगभग एक दर्जन लाइसेंसी जुलूस निकालकर कर अपनी प्रस्तुति दी । बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सभी लोगों को अंगवस्त्र ,माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया ।समारोह का मुख्य अतिथि अमनौर विधायक कृष्ण कुमार उर्फ मंटू थे । हिन्दू चेतना मंच के अध्यक्ष मैनेजर साह ,सुरेंद्र सोनी ,सुनील राय ,निरंजन शर्मा ,सुचिन्द्र साह ,बिजेंद्र शर्मा ,मनीष मालाकार , संदीप गुप्ता,के सहयोग से उक्त कार्यक्रम सफल रहा जबकि स्थानीय पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से कोई अप्रिय घटना की कोई सूचना नही है ।विभिन्न पंचायतों से मुख्य जुलूस लाइसेंसी थे जिसमें अजय कुमार,मनीष कुमार ,चन्दन कुमार ,शैलेश कुमार शर्मा ,राकेश कुमार ,रणधीर कुमार सिंह ,अनीश कुमार ,रितेश कुमार सिंह ,रंजीत कुमार सहित एक दर्जन जुलूस निकाला था । स्थानीय दुकानदारों द्वारा आगत लोगो को नास्ता ,पानी ,एवम सतुं का व्यवस्था किया गया था ।

## रामनवमी पर मशरक में भक्ति और उत्साह का संगम, भव्य शोभायात्रा निकाली गई

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक में रामनवमी पर्व के अवसर पर आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल के बीच महावीर चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा की शुरुआत महावीर चौक स्थित हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना और हनुमान जी की आरती के साथ की गई। इसके बाद जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।भाजपा नेता राकेश महंत के नेतृत्व में निकली यह शोभायात्रा महावीर चौक से प्रारंभ होकर थाना परिसर स्थित राम-जानकी शिव मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम, माता जानकी और भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात शोभायात्रा स्टेशन रोड होते हुए पूरे शहर का भ्रमण करती हुई पुराने रेलवे स्टेशन परिसर पहुंची। जहां स्थित महावीर मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ शोभायात्रा का विधिवत समापन किया गया। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा फूलों की वर्षा की गई और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। कई स्थानों पर भक्ति गीतों और झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं की भी बड़ी भागीदारी रही। इस दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मढ़ौरा एसडीओ निधि राज, डीएसपी संजय कुमार सुधांशु, बीडीओ पंकज कुमार तथा थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान अपने दल-बल के साथ पूरे समय मौजूद रहकर शोभायात्रा की निगरानी करते रहे। पुलिस बल द्वारा संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरती गई, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।रामनवमी के इस आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक एकता और सौहार्द का संदेश भी दिया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ पर्व मनाया, जिससे मशरक में रामनवमी की छटा और भी खास बना।

## नवमी पर आमी स्थित मां अंबिका भवानी मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब, जयकारों से गूंजा परिसर

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा (सारण)।**चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि के अवसर पर दिघवारा प्रखंड के आमी गांव स्थित मां अंबिका भवानी मंदिर में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। शुक्रवार की अहले सुबह करीब तीन बजे जैसे ही माता के पट खुले, दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतार लग गई। पूरे मंदिर परिसर में ÷जय माता दी÷ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।
श्रद्धालु दूर-दराज के इलाकों से पहुंचकर माता के दर्शन और पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना करते नजर आए। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में चहल-पहल बनी रही।भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे। वहीं, मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही थी।सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुख्य सड़क से मंदिर जाने वाले सभी मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई थी। मंदिर की ओर जाने वाले वाहनों को मुख्य मार्ग पर ही रोक दिया जा रहा है, जिससे भीड़भाड़ और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके। पूरे दिन श्रद्धालुओं के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा और मां के दरबार में भक्ति की गंगा बहती रही।

## अगलगी में दस झोपड़ीनूमा घर जले, नगदी समेत लाखों की खाए

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।**अमनौर प्रखण्ड के कोरेया पंचायत के वार्ड नंबर एक यादव बस्ती में शुक्रवार की दोपहर आग लगन से दस झोपड़ी व करकटनूमा घर जलकर खाक हो गए।इस घटना में नगदी रूपए दो मवेशी समेत लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अमनौर प्रखण्ड के कोरेया पंचायत के वार्ड नंबर एक मे गौतम राय के घर में अचानक आग लगने से 5 हजार रुपए नगद, कपड़ा, खाद्यान सामग्री समेत मवेशी जलकर खाक हो गए।देखते ही देखते आग बलिराम राय व शत्रुघ्न राय के घर में लग गई जिसमें बलिराम राय के 25 सौ रूपये शत्रुघ्न राय के 7 हजार रुपए समेत अन्य सामान खाक हो गए।अग्निशमन दस्ता व ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते इसके पूर्व गीता कुंवर, समोहन राय, रंजय राय, बीरबल राय, विशुनदेव राय, बीरेन्द्र राय, अजय राय, अशोक राय, अम्बिका राय के भी खाद्यान सामग्री व अन्य सामान आग की भेंट चढ़ गए।अग्निशमन दस्ता की तीन गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।अगलगी की सूचना मिलते ही कोरेया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नागेश्वर चौहान ने पीड़ित परिजनो से मुलाकात कर प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।अगलगी में सब कुछ जलकर खाक होने के बाद अग्निपीड़ितो का रो-रोकर बुरा हाल है।

## धानाडीह गांव में राम दरबार झांकी आकर्षण का केंद्र





**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)**– स्थानीय थाना क्षेत्र व पंचायत के गांव धानाडीह गांव में रामनवमी पर निकलीं राम दरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा. गांव में ब्रह्म स्थान से लेकर जरती माई स्थान तक गांव के निकित, जय, रागनी, रितका,सिद्धांत आदि कलाकारों ने विभिन्न वेष भूषा में सजधज कर राम लक्ष्मण,सीता, हनुमान आदि पात्र बने. झांकी का नेतृत्व कर रहे ग्रामीण व शिक्षक सुनील राम,अमृत,आमन गोलु और विकेश सिंह ने बताया कि झांकी देख श्रद्धालु नतमस्तक हुए और ह्दय में विराजमान श्रीराम सीता के प्रति आस्था जताई.

## दारौंदा में पुत्री की हत्या मामले में पिता निकला साजिशकर्ता,भेजा गया जेल

**परवेज अख्तर/सिवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव में युवती हत्याकांड मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित युवती का पिता संजय कुमार साह है, जिसे शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि 27 जुलाई 2025 को ढेबर गांव स्थित शिव मंदिर के समीप एक युवती का शव बरामद हुआ था। इस मामले में युवती की नानी, पचरुखी थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव निवासी कलावती देवी ने आवेदन देकर कांड संख्या 372/25 के तहत सौतेली मां निशि देवी पर हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस दबाव के बाद सौतेली मां ने पहले ही कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। अनुसंधान के दौरान अपर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने पाया कि हत्या की साजिश स्वयं युवती के पिता संजय साह ने रची थी, जबकि उसके बेटे आकाश कुमार उर्फ गोलू ने गला दबाकर हत्या की थी। जांच में यह भी सामने आया कि शव को ठिकाने लगाने में वाहन चालक आनंद कुमार यादव और गणेश साह की भूमिका थी। पुलिस इससे पूर्व युवती की सौतेली मां, भाई, चालक सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

## दारौंदा-पचरुखी रेलखंड पर अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी,पहचान नहीं

**परवेज अख्तर/सिवान।** दारौंदा-पचरुखी रेलखंड के बीच किलोमीटर संख्या 377/3-5 के पास अप लाइन किनारे शुक्रवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 5ः25 बजे स्टेशन मास्टर द्वारा सूचना दी गई कि दारौंदा-पचरुखी के बीच रेल ट्रैक किनारे एक शव पड़ा है। सूचना मिलते ही एएसआई ग्यास सरवर कांस्टेबल रामजी यादव के साथ मौके पर पहुंचे। करीब 5ः45 बजे घटनास्थल पर पहुंचने पर पाया गया कि लगभग 30 वर्षीय अज्ञात पुरुष का शव ट्रैक के किनारे पड़ा था, जिसके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। घटना की सूचना पर पचरुखी थाना के एसआई संदीप कुमार भी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव की तलाशी ली, लेकिन उसके पास से कोई पहचान पत्र या यात्रा टिकट बरामद नहीं हुआ। आसपास जुटे ग्रामीणों से पहचान कराने की कोशिश की गई, परंतु शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटना के कारण रेल यातायात प्रभावित नहीं हुआ और ट्रैक पहले से ही क्लियर था। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## डिलीवरी करने वाले अधेड़ की मौत

दारौंदा (सिवान)ः दारौंदा थाना क्षेत्र के बगौरा न्यू मार्केट में गुरुवार को एक डिलीवरी करने वाले व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक की पहचान छपरा जिले के ताजपुर फुलवरिया निवासी मधुसूदन सिंह के 50 वर्षीय पुत्र वीरेश कुमार सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वीरेश कुमार सिंह गुरुवार की शाम बगौरा गांव में डिलीवरी देने के दौरान अचानक गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) दारौंदा पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी सीएचसी दारौंदा पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। अचानक हुई इस घटना से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है ।

## मुजफ्फरपुर में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। यह घटना सिपाहपुर गांव के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान सिपाहपुर बखरी निवासी 22 वर्षीय मोहम्मद शमशाद अंसारी के रूप में हुई है। वह पेशे से टायर मिस्त्री था। परिजनों ने बताया कि शमशाद अपने दोस्त के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। सामने से आ रही ट्रक ने मारी टक्कर : गुरुवार शाम शमशाद अपने दोस्त के साथ बाइक से घर लौट रहा था। सिपाहपुर के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों घायलों को श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने शमशाद की गंभीर हालत को देखते हुए उसे निजी अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

## सदर अस्पताल में हीट स्ट्रोक से निपटने को बनेगा एक डेडिकेटेड वार्ड

**सिवान।** गर्मी ने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। दोपहर होते-होते तेज धूप और गर्म हवाओं ने आम जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। लू के बढ़ते खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिले को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। निर्देश मिलते ही अस्पताल में हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। अस्पताल में हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए एक डेडिकेटेड वार्ड बनाया जाएगा। इसमें 24 घंटे डाक्टरों और स्टाफ की तैनाती रहेगी। सिविल सर्जन श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि सभी वार्डों में सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। अस्पताल में मरीजों को पीने की पानी के लिए उचित प्रबंध किया जा रहा है। खासकर चिकित्सक एवं नर्स को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। सीएस ने बताया कि सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अस्पतालों में सभी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। मरीजों को कोई परेशानी न हो इसका ख्याल रखा जाएगा। मरीजों के लिए दवा की कोई कमी नहीं होगी। हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए हर तरह से तैयारी की जा रही है। एंबुलेंस को अलर्ट रखा जाएगा। अगर किसी मरीज की तबीयत अधिक खराब होता है तो बेहतर इलाज के लिए आसानी से बड़े अस्पताल में ले जाया जा सकेगा।--

## बड़हरिया-अशरफ साई को अगवा कर बेरहमी से पीटा, मृत समझ झाड़ियों में फेंका,पटना रेफर

**परवेज अख्तर/सिवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के लकड़ी दरगाह गांव में गुरुवार की शाम अज्ञात हमलावरों ने एक युवक को अगवा कर बेरहमी से उसकी पिटाई कर उसे मृत समझ झाड़ियों में फेंक दिया। घायल युवक लकड़ी दरगाह निवासी महमद सोहराब साई का पुत्र अशरफ साई बताया जाता है। उसे स्थानीय लोग और पुलिस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख पटना रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम करीब छह बजे लकड़ी के गडहा बाजार स्थित दुकान के पास से चार पहिया वाहन से पहुंचे बदमाशों ने अशरफ को जबरन उठा लिया। इसके बाद राड डंडों से उसकी जमकर पिटाई की और गंभीर रूप से घायल कर पकड़ी कब्रिस्तान स्थित दरगाह के पास झाड़ियों में फेंक दिया गया। कुछ देर बाद स्थानीय लोगों की नजर घायल अवस्था में पड़े अशरफ पर पड़ी, जिसके बाद परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने उसे तत्काल सिवान सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहां हालत नाजुक देखते हुए डाक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। सूत्रों के अनुसार, घटना के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि जलटोलिया और एजमाली के कुछ युवकों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। घायल अशरफ ने पुलिस के समक्ष तीन लोगों का नाम भी बताया है, जिनकी पहचान के आधार पर जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन प्राप्त होने के बाद अशरफ साई के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और इलाके में स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## बड़हरिया-आपसी रंजिश में चली गोली, एक घायल,दो को पकड़ पूछताछ शुरू

**परवेज अख्तर/सिवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के लकड़ी दरगाह तिमुहानी पर गुरुवार की रात करीब सात बजे पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इसी बीच एक पक्ष के एक युवक ने वर्चस्व को लेकर फायरिंग कर दी। फायरिंग की घटना में एक युवक के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। घायल की पहचान रोहित जायसवाल के रूप में हुई। वहीं पुलिस ने मामले में दोनों पक्ष से दो को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। गोली रोहित के पैर के तलावा में लगी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से मोहम्मद निजाम (पिता अहमद हुसैन), निवासी लकड़ी दरगाह को हिरासत में ले लिया। पुलिस अनुसंधान में सामने आया है कि मोहम्मद निजाम, रोहित जायसवाल एवं उनके दो अन्य सहयोगियों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। इसी दौरान निजाम ने रोहित पर गोली चला दी। दोनों पक्षों के बीच 2023 से ही आपसी रंजिश चली आ रही है, जिसमें पहले भी मोहम्मद निजाम जेल जा चुका है। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने घायल रोहित जायसवाल का इलाज करवाते हुए दोनों पक्षों के आरोपितों को हिरासत में ले लिया है। शुक्रवार की सुबह रोहित जायसवाल ने निजाम के खिलाफ थाने में आवेदन दिया है। पुलिस के अनुसार, दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा। शुक्रवार को एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल वाहन सहित अन्य साक्ष्यों की भी जांच शुरू कर दी है। फिलहाल इलाके में पुलिस कैंप कर रही है और स्थिति सामान्य बताई जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पूरण कुमार झा, एसडीएम आशुतोष कुमार गुप्ता, एसडीपीओ अजय कुमार सिंह सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, गोलीबारी के बाद मोहम्मद निजाम को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## स्केटिंग कर अजमेर शरीफ जा रहे युवकों ने रसूलपुर पहुंच मस्जिद में की जुम्मे की नमाज

**छपरा के कटसा से शुरू हुई स्केटिंग यात्रा में दरभंगा, बेगुसराय, मोतिहारी व छपरा के मुस्लिम युवक हैं शामिल**

**देवेन्द्र कुमार सिंह दैनिक खोज खबर/** रसूलपुर(एकमा)- सारण जिले के कटसा से स्केटिंग कर अजमेर शरीफ जा रहे पांच मुस्लिम युवकों की टीम शुक्रवार की दोपहर रसूलपुर चट्टी पर पहुंची. स्थानीय लोगों से जानकारी लेकर पास हीं के एक मस्जिद में जुम्मे की नमाज पढ़ी और आगे बढ़े. पीठ पर बैग और तिरंगा लिए स्केटिंग कर जा रहे युवक को देख लोगों को लगा कि ये शायद सोशल मीडिया के लिए रील बना रहे हों पर दोपहर के नमाज के लिए रसूलपुर में किसी मस्जिद का पता पूछने पर लोगों को उपरोक्त जानकारी हुई. सारण जिले के कटसा के सुहैल अख्तर के यहां से इन युवकों की यात्रा शुक्रवार को सुबह में शुरु हुई जिसमें छपरा परसा के ही नौशाद अली के अलावे दरभंगा के मो0 राजा, बेगुसराय के मो0 इमरान, मोतिहारी के जूनैद शामिल हैं. युवकों ने बताया कि उन सब की मित्रता सोशल मीडिया के जरिये हुई और वे सभी स्केटिंग करने का प्रशिक्षण पिछले तीन सालों से ले रहे हैं. इस तरह उन सबों में यह भावना जगी कि स्केटिंग करते हीं राजस्थान के अजमेर शरीफ और महाराष्ट्र के हाजी अली की करीब 2700 किमी की धार्मिक यात्रा करेंगे. तिरंगा झंडा लहराते और स्केटिंग यात्रा कर जाते युवक लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं.

## स्कूटी सवार छात्रा के ऊपर गाय कूदी, छात्रा गंभीर रूप से घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक छपरा एस एच 90 पर मशरक के गोपालवाड़ी गांव में स्कूटी से बाजार आ रहीं छात्रा के उपर गाय कूद पड़ी जिसमें छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के मुन्नी मोड़ निवासी सोनी कुमारी बताई गई। घायल छात्रा को आर्मी जवान संजय सिंह ने स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने प्राथमिक उपचार किया। छात्रा ने बताया कि वह बाजार आ रही थी कि अचानक सड़क किनारे से गाय स्कूटी पर पर कूद पड़ी।

## राम भक्तों के उत्साह में नहीं आई कमी, रामनवमी पर गाजे-बाजे के साथ निकली श्रीराम की शोभा यात्रा

**परवेज अख्तर/सिवान।** शहर में शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे गांधी मैदान से निकाली गई रामनवमी की शोभा यात्रा का भ्रमण पूरे दिन शहर की विभिन्न सड़कों से तय रूट के अनुरूप किया गया। जैसे ही शोभा यात्रा मुख्य सड़क पर पहुंची हजारों की संख्या में महिला भक्तों ने भगवान राम के लिए गीत गाते हुए युवाओं का उत्साह बढ़ाया और देखते ही देखते शोभा यात्रा में हजारों की भीड़ एकत्रित होकर सड़कों पर उतर पड़ी। शोभा यात्रा में शामिल तरह-तरह की झांकियां भी शहरवासियों को अपने धर्म व आस्था के प्रति जागरूक कर रहीं थी। वहीं शोभा यात्रा के दौरान शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रही। डीएम विवेक रंजन मैत्रेय और पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने स्वयं अपने हाथों में विधि-व्यवस्था की कमान संभाली थी। जिले भर में दो सौ से ज्यादा दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति हुई थी। दो हजार से ज्यादा की संख्या में पुलिस बल तैनात थे। हर चौक-चौराहे पर सादे लिबास में पुलिस कर्मी तैनात रहे।

**भारत माता के लगे जयकारे**

शोभा यात्रा में भारत माता के जयकारे खूब लगे। युवाओं में देश भक्ति का सुरूर छाया रहा। वहीं आकर्षक झांकियों ने सबका मनमोहा। शोभा यात्रा को कैमरों में कैद करने के लिए लोगों के बीच होड़ मची रही। महिलाएं व युवतियां भी इस अविस्मरणीय पल को अपने मोबाइल में कैद करती हुई दिखीं। झांकी में शामिल युवाओं ने भी खूब सेल्फी ली व फेसबुक व वाहट्सएप पर पोस्ट की। कुछ ने तो शहर से बाहर रह रहे सगे-संबंधियों व दोस्तों को वीडियो कालिंग के माध्यम से शोभा यात्रा का सीधा दर्शन कराया।

**साथ-साथ दिखी राम व देशभक्ति**

भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा में श्रीराम-भक्ति व देश-भक्ति दोनों एक साथ। जुलूस में शामिल भक्त जय श्रीराम व भारत माता के जयघोष लगाते रहे। वहीं शोभा यात्रा में राम जन्म महोत्सव समिति के अध्यक्ष सह वरीय अधिवक्ता सुनील दत्त शुक्ल, सचिव मुकेश कुमार, ई. सतीश कुमार सिंह, मनीष कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, धनंजय सिंह, मुकेश कुमार बंटी, संतोष राउत, दयानंद प्रसाद, चंद्रविजय प्रकाश उर्फ हैप्पी यादव, बबलू साह आदि उपस्थित थे।

## बदमाशों ने चाकू घोंपकर युवक को किया घायल

परवेज अख्तर/सिवान। महादेवा थाना क्षेत्र में चकिया रोड में गुरुवार की देर रात मोबाइल छीनने का विरोध करने पर बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर हालत में घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया। बदमाशों ने थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर घटना को अंजाम दिया है। घायल युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामनगर छोटपुर निवासी दीपू कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दीपू थाना के चकिया मोहल्ला में किराए के मकान में रहता है और मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। गुरुवार की रात उसका भाई उसे महादेवा मिशन के पास छोड़कर चला गया था। दीपू अपने कमरे की ओर जाने के लिए चकिया रोड में दाखिल हुआ। तभी पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने उसे घेर लिया और मोबाइल छीनने का प्रयास किया। दीपू ने जब इसका विरोध किया, तो बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गया। वहीं चाकू मारने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। किसी तरह उसने अपने स्वजनों को घटना की सूचना दी, इसके बाद उसे तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया। इस संबंध में महादेवा थानाध्यक्ष विनीत विनायक ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अस्पताल से सूचना मिलते ही पुलिस ने घायल का बयान दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## सड़क दुर्घटना में इंटर के छात्र की मौत

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड के महमदा पंचायत के महमदा गांव स्थित शनिचरा टोला के एक युवक की महराजगंज थाना क्षेत्र के रिसौरा फुलवारी के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। मृत युवक गंगा यादव का पुत्र अखिलेश यादव बताया जाता है । वह इंटर का छात्र था। स्वजनों ने बताया कि वह गुरुवार की शाम रिसौरा बाजार नवमी पूजा के लिए सामान खरीदने गया था , लौटने के दौरान दुर्घटना का शिकार हो गया । मृत अखिलेश चार भाई में तीसरा था, वह महमदा उच्च विद्यालय इंटर कालेज का छात्र था। पुत्र की मौत पर माता सोना देवी का रो रो कर बुरा हाल ।

# मुजफ्फरपुर में नहर निर्माण गाड़ी से बच्चे की मौत



**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के मुशहरी थाना क्षेत्र में नहर निर्माण काम के दौरान एक हादसा हुआ है। द्वारिकानगर इलाके में आज एक अनियंत्रित भारी मशीन (प्लैनर) की चपेट में आने से तीन साल के मासूम मोहम्मद तारीफ की मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में मातम छा गया और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सलहां नहर का निर्माण काम चल रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद एक भारी मशीन के ड्राइवर की लापरवाही से बच्चा तारीफ उसकी चपेट में आ गया। मशीन के नीचे दबने से बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।

**पुख्ता इंतजाम नहीं करने का आरोप:** घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रिहायशी इलाके में चल रहे निर्माण काम के दौरान सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे। वहां न तो बैरिकेडिंग थी और न ही सुरक्षाकर्मी तैनात थे, जिसके कारण यह गंभीर हादसा हुआ। हादसे से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने बच्चे के शव को सड़क पर रखकर मुजफ्फरपुर-पूसा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने निर्माण एजेंसी के खिलाफ नारेबाजी की और मृतक के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग की। सड़क जाम के कारण लगभग पांच घंटे तक आवाजाही पूरी तरह ठप रही और गाड़ी की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को जब्त कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और ठेकेदारों की लापरवाही मासूमों की जान ले रही है।

# सहरसा में महिला का शव मिला:सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही पुलिसदोनों युवक मौके से फरार




**सहरसा,एजेंसी।** सहरसा में गुरुवार शाम सदर अस्पताल परिसर में एक अज्ञात महिला का शव मिला। सूचना मिलने पर अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचित किया। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार के अनुसार, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में महिला की उम्र लगभग 30 वर्ष आंकी गई है, हालांकि उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। मामले की जांच के दौरान अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में सामने आया कि दो युवक इस महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में लेकर आए थे। इलाज के दौरान ही महिला की मौत हो गई, जिसके बाद दोनों युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस अब उन दोनों युवकों की पहचान और तलाश में जुट गई है। महिला की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया का भी सहारा लिया है। महिला के फोटो और वीडियो विभिन्न प्लेटफॉर्म पर साझा किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी व्यक्ति उसे पहचान सके और पुलिस को जानकारी दे सके। पुलिस के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिला को किस हालत में अस्पताल लाया गया था और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। इस पूरे मामले की सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आ सकेगी। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# जानलेवा हमले के केस में 2 भागे आरोपी गिरफ्तार



**शेखपुरा,एजेंसी।** शेखपुरा नगर थाना पुलिस ने गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर पचना गांव में छापेमारी कर लूटपाट और जानलेवा हमले के मामले में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पचना गांव निवासी सन्नी ठाकुर और डीजे यादव उर्फ जीतेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2024 में गांव के संतोष महतो ने स्थानीय थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें दोनों आरोपियों पर घर में घुसकर लूटपाट करने और विरोध करने पर जानलेवा हमला कर घायल करने का आरोप लगाया गया था।

**दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे:** थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था, जिसके बाद छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। इस छापेमारी का नेतृत्व नगर थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने किया। छापामार दल में पुलिस सब इंस्पेक्टर अमित कुमार, एएसआई पंकज कुमार सिंह और सुरेश प्रसाद शामिल थे।

# लखीसराय के कजरा सोलर प्लांट में लगी आग

**लखीसराय,एजेंसी।** लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा प्रखंड अंतर्गत कजरा स्थित निर्माणाधीन सोलर पावर प्लांट परिसर में गुरुवार को आग लग गई। आग पर लगभग तीन से चार घंटे की मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। दमकल विभाग की तत्परता से एक बड़ी आपदा टल गई और करोड़ों की लागत से तैयार होने वाले सोलर प्लेट्स सुरक्षित बचा लिए गए। आग प्लांट के उस हिस्से में लगी थी, जहां वर्तमान में सोलर प्लेट्स स्थापित नहीं की गई हैं और भूमि परती पड़ी है। गर्मी के कारण सूखी घास और लकड़ियों ने आग को तेजी से फैलाया, जिससे धुएं का गुबार आसमान में छा गया और अफरातफरी मच गई।

# पत्रकार के असामयिक निधन से शोक की लहर



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय प्रखंड के अवारी गांव निवासी व एक दैनिक समाचार पत्र के प्रखंड संवाददाता 60 वर्षीय अवधेश वर्मा की असामयिक निधन की खबर से जिले में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार की अहले सुबह एकाएक तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने स्थानीय अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेश कुमार ने स्थिति चिंताजनक देख प्राथमिक उपचार के बाद इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान पटना रेफर कर दिया। लेकिन पत्रकार श्री वर्मा की पटना पहुंचने के पूर्व में ही रास्ते में परसा में स्थिति काफी चिंताजनक देख परसा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले गए, जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अचानक ही घटना की खबर जिले में मिलते ही पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी। वही पार्थिव शरीर पैतृक घर पहुंचने पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। खबर मिलते ही मुखिया प्रमात्मा राय, पूर्व मुखिया अरुण सिंह समेत गांव और क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में अन्तिम दर्शन के लिए उनके घर पहुंच रहे थे और परिजनों को ढाढस दे रहे थे। बता दें स्वर्गीय वर्मा लगभग पीछले 20 वर्षो से एक दैनिक समाचार पत्र से जुड़ पत्रकारिता जगत में पहचान बनाए रखे थे।अभी हाल ही डेढ़ महीने पूर्व स्व वर्मा की पत्नी का असामयिक निधन से परिवार उबड़ा भी नहीं था कि नियति ने दूसरे विपत्ति का पहाड़ परिजनों पर गिरा दिया। सभी शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट कर रहे हैं।जिले के पत्रकारों में ठाकुर संग्राम सिंह, राकेश सिंह, चंद्र शेखर सिंह,प्रभात कुमार हिमांशु, विधा भूषण श्रीवास्तव, जाकिर अली, धनजय सिंह तोमर,विकास कुमार, भूपेश भीम, मनोज कुमार सिंह, एसएन ओझा, अरुण सिंह, कुलदीप महासेठ,संजीव कुमार, विपिन मिश्र, मनोकामना सिंह, पंकज पांडे, कामेश्वर सिंह, मनिंदर सिंह, नंद लाल समेत दर्जनों पत्रकारों ने शोक जताया और कहा कि अवधेश कुमार वर्मा का असमय जाना पत्रकार जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है।



# अवैध संबंध के आरोप में महिला पर चाकू से हमला औरंगाबाद में बीच बचाव करने गए पति-बेटी भी घायल

औरंगाबाद, एजेंसी। औरंगाबाद जिले के फेसर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिल मोहम्मद गांव में अवैध संबंध के आरोप को लेकर हुई हिंसक घटना हुई। इसमें एक महिला को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इस दौरान महिला के पति और बेटी के साथ भी मारपीट की गई। घायलों की पहचान उमेश चौहान की पत्नी जीरवा देवी, उनके पति उमेश चौहान और बेटी गीता कुमारी के रूप में हुई है। सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में पीड़ित परिवार ने गांव के ही कैलाश राम, उसके पुत्र घुरा राम और चिरैला निवासी उसके दामाद मनोज राम पर हमला करने का आरोप लगाया है। घायल महिला के बेटे दीपू ने बताया कि



कैलाश राम की पत्नी अक्सर अपने पति पर शक करती थी और उसकी मां जीरवा देवी के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाती थी। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच पहले भी कहासुनी होती रहती थी। बताया जाता है कि आज इसी विवाद ने उग्र रूप ले लिया। आरोप है कि बहस के दौरान कैलाश राम के दामाद मनोज राम ने चाकू से हमला कर जीरवा देवी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे पति उमेश चौहान और बेटी गीता कुमारी के साथ भी मारपीट की गई, जिससे वे भी घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों ने तुरंत 112 पुलिस टीम को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद ग्रामीणों और परिजनों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। आवेदन मिलने पर पुलिस करेगी कार्रवाई फेसर थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि गांव में पति-पत्नी के बीच विवाद की सूचना मिली थी। हालांकि, किसी के घायल होने के संबंध में अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं मिला हुआ है। उन्होंने कहा कि आवेदन या फर्द बयान मिलने के बाद मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 10 वर्षीय बच्चे की नदी में डूबने से मौत

**मोतिहारी,एजेंसी।** मोतिहारी के सुगौली थाना क्षेत्र में गुरुवार को सिकरहना नदी में डूबने से एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में दुख का माहौल है। मृतक की पहचान कैथवलिया निवासी बचन सहनी के पुत्र मिलन कुमार (10) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, मिलन अपने दोस्तों के साथ खेलने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान वह शौच के लिए नदी किनारे गया। बताया जा रहा है कि पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।

गोताखोरों और ग्रामीणों ने नदी से निकाला शव : मिलन को डूबता देख उसके दोस्तों ने शोर मचाया। बच्चों की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चे की तलाश शुरू की। स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद नदी से बच्चे का शव बरामद किया।



घटना की सूचना मिलने पर सुगौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया।थाना के जमादार जयप्रकाश सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इस घटना से मृतक के परिजनों में गहरा दुख है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नदी किनारे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# किशनगंज में 203.76 लीटर अवैध शराब

## कोचाधामन से 3 लाख की विदेशी शराब के साथ महिंद्रा एक्सयूवी 300



**किशनगंज (बिहार),एजेंसी।** किशनगंज पुलिस ने कोचाधामन थाना क्षेत्र से 203.76 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त की है। इस कार्रवाई के दौरान एक वाहन भी बरामद किया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिलने के बाद यह अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर शराब और अन्य मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर वाहनों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को धनपुरा पुलिस पिकेट को सूचना मिली कि पश्चिम बंगाल से कोचाधामन थाना क्षेत्र की ओर एक वाहन से अवैध विदेशी शराब लाई जा रही है।

**सूचना पर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान:** सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए धनपुरा पुलिस पिकेट द्वारा मस्तान चौक पर वाहनों की सघन जांच शुरू की गई। इसी दौरान किशनगंज की ओर से आ रही एक संदिग्ध सफेद रंग की महिंद्रा एक्सयूवी 300 कार (रजि0 नं0-[illegible]390) को रोका गया।

जांच में कार से कुल 203.76 लीटर विभिन्न ब्रांड की पश्चिम बंगाल निर्मित विदेशी शराब बरामद हुई। उक्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 3 लाख रुपए आंकी गई है। इस संबंध में कोचाधामन थाना में कांड संख्या 182/26, धारा 30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2022 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**फॉरवर्ड-बैकवर्ड लिंकेज का लगाया जा रहा पता:** पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है और फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेज का पता लगाया जा रहा है। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है। साथ ही, इस अवैध शराब के धंधे में शामिल तस्करों द्वारा अर्जित की गई अवैध संपत्ति का पता लगाकर नियमानुसार जब्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी। छापामारी दल में थानाध्यक्ष कोचाधामन रंजय कुमार सिंह, प्रभारी धनपुरा पिकेट प्रदीप कुमार, तथा सशस्त्र बल के सिपाही एवं चालक शामिल थे।

# हाथियों का तांडव, गेहूं की फसल किया बर्बाद, किसान बदहाल

**नवादा, एजेंसी।** नवादा जिले के कौआकोल प्रखण्ड के जंगली और पहाड़ी क्षेत्रों से सटे गांवों में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला गुरुवार को नावाडीह गांव से सामने आया है,जहां दो दर्जन से अधिक हाथियों के एक विशाल झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरते हुए हजारों रुपये मूल्य की गेहूं की लहलहाती फसल को पूरी तरह रौंद कर नष्ट कर दिया है। प्रभावित किसान सुरेश चंद्रा, कारू यादव, लूटन यादव, जयप्रकाश यादव, राजकुमार यादव, उर्मिला देवी और विशेशर यादव,आदि ने बताया कि अचानक हाथियों के झुंड ने खेतों में धावा बोल दिया। लगभग पांच बीघा से अधिक क्षेत्रफल में लगी गेहूं की फसल को हाथियों ने पैरों तले कुचल दिया।



किसानों का कहना है कि उनकी साल भर की मेहनत और जमा पूंजी इस फसल में लगी थी,जो अब मिट्टी में मिल चुकी है। इस घटना से किसानों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। हाथियों के लगातार हो रहे मूवमेंट से नावाडीह और आसपास के गांवों के ग्रामीण डर और दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं। शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की ओर से हाथियों को खदेड़ने या सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं,जिससे उनकी जान-माल का खतरा बना रहता है। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत समिति सदस्य नोमिंता कुमारी ने प्रभावित किसानों के प्रति सहानुभूति प्रकट की।

उन्होंने जिला प्रशासन और वन विभाग के वरीय अधिकारियों से मांग की है कि अविलंब स्थल निरीक्षण कर फसल क्षति का सही आकलन किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि पीड़ित किसान गरीब हैं, इसलिए उन्हें सरकार की ओर से उचित मुआवजा राशि जल्द से जल्द प्रदान की जाए ।ताकि वे इस आर्थिक संकट से उबर सकें।

# मांझी में दर्दनाक हादसा -सरयू नदी में डूबने से भाई बहन समेत एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

**नितेश कुमार सिंह दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी प्रखंड के मटियार गांव में शुक्रवार को एक बेहद दुखद हादसा हुआ जहां सरयू नदी के कछार में डूबने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मटियार गांव निवासी पप्पू महतो के पुत्र धीरज कुमार उर्फ गुंजन कुमार (10 वर्ष), पुत्री रागिनी कुमारी (12 वर्ष) तथा रिश्तेदार कृष्णा महतो की पुत्री प्रियांशु कुमारी (13 वर्ष) के रूप में की गई है। इस घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया है। प्रत्यक्षदर्शी मृतक के भाई ने बताया कि एक ही परिवार के पांच बच्चे सहित कुल सात बच्चे नाव से सरयू नदी पार कर दियारा क्षेत्र में खाना बनाने की लकड़ी काटने के लिए गए थे। इसी दौरान खेलते-खेलते और काम के बीच गुंजन कुमार को प्यास लगी। वह पानी पीने के लिए सरयू नदी में उतर गया, लेकिन अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। अपने भाई को डूबता देख उसकी बहन रागिनी कुमारी उसे बचाने के लिए नदी में कूद गई, लेकिन वह भी संतुलन खो बैठी और डूबने लगी। इसी बीच दोनों को बचाने के प्रयास में उनकी मौसेरी बहन प्रियांशु कुमारी भी नदी में उतर गई, लेकिन वह भी गहरे पानी में चली गई और तीनों डूब गए। बताया जाता है कि गुंजन का बड़ा भाई और एक अन्य युवक भी उन्हें बचाने के लिए नदी में उतरा था, लेकिन प्रयास असफल रहा तब वह दोनों किसी तरह खुद को बचाकर बाहर निकल आया। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास लकड़ी काट रहे लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत खोजबीन शुरू की। करीब 45 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों के शव घटनास्थल से लगभग 100 मीटर के दायरे में बरामद किए गए। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। एक साथ तीन मासूम बच्चों की मौत से गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और हर तरफ चीख-पुकार गूंज रही है। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। फिलहाल घटना स्थल पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मृतक दो भाई और एक बहन मे सबसे छोटा था। मृतक के पिता लगभग एक साल से सऊदी अरब मे कमाकर घर का भरण पोषण करते हैं। वे राजमिस्त्री का काम करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। शव लेकर घाट पर पहुंचते ही भारी भीड़ जमा हो गई। तथा मृतक के परिजन शवों को देखकर बार बार बेहोश हो जा रहे थे। यह दृश्य देखकर मौजूद लोगों की आँखें भी नम हो जा रही थीं। मौके पर मौजूद



विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह, मुखिया पति सुमन प्रसाद, पूर्व मुखिया पति जय प्रकाश महतो, सुधाकर मिश्रा,प्रभात कुमार सिंह, सरपंच अर्जुन भगत, मंजेश पाठक तथा सोहन सिंह आदि लोग शोकाकुल लोगों को ढांढस बंधाने में जुटे हुए थे। हादसे में सकुशल बच निकले मृतक का बड़ा भाई कुंजन कुमार घटना की आपबीती सुनाते सुनाते बेहोश हो जा रहा था। ज्यादा पानी पी लेने तथा घटना को आंखों सामने देखे जाने से आहत कुंजन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। मांझी थाना की अपर थानाध्यक्ष संगीता कुमारी समेत अन्य पुलिसकर्मी समेत अन्य लोग भी घटना स्थल का लोमहर्षक नजारा देखकर हतप्रभ थे। गौरतलब हो की इसी घाट के समीप बीते 1 नवंबर 2024 को परवल लेकर नाव से लौट रहे एक ही परिवार के कुल चार लोग सहित पांच मजदूरों की सरयू नदी मे डूबने से मौत हो गई थी। जिसके बाद मटियार पंचायत के पूर्व मुखिया पति व जदयू नेता जयप्रकाश महतो द्वारा बीस सूत्री के माध्यम से इस घाट पर सरकारी नाव की मांग की गई थी। जिसके बाद सारण के जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय अंचलाधिकारी को सरकारी नाव उपलब्ध कराने की बात कही गई थी पर आज तक नाव उपलब्ध नहीं हो सकी। वही पंचायत के सरपंच अर्जुन भगत द्वारा प्रशासन से मुवाबजे की मांग की है।